तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 17 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 मेंड्राकला से की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत



हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

## खबर संक्षेप

### कोयलांचल में पवित्र अक्षत कलश का आगमन आज

**बिश्रामपुर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या से पूजित अक्षत कलश सभी सनातनियों के आमंत्रण हेतु आज रविवार को नगर में आगमन हो रहा है। अक्षत कलश के भव्य स्वागत हेतु हिंदू समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। खंड संयोजक महेश गुप्ता ने बताया कि अक्षत कलश आज 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे सूरजपुर से नगर में पहुंचेगी। यहां पर अक्षत कलश का भव्य स्वागत करते हुए आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात अक्षत कलश को बस स्टैंड के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में रखकर बाद में मंडल स्तर पर वितरण किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में अधिकाधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन 20 तक

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6 वीं और 9 वीं में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित पेन एवं पेपर बहुविकल्पीय प्रश्न पैटर्न आधारित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी को किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में भी वृद्धि की गई है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 20 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

### किसानों से रकम वसूलने पर बारदाना प्रभारी पद से पृथक

**अंबिकापुर।** बारदाना के एवज में रुपए वसूलने के मामले में कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। विधायक की शिकायत के बाद बारदाना प्रभारी को जिला खाद्य अधिकारी द्वारा पद से पृथक कर दिया गया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अमेरा के आकस्मिक निरीक्षण पर आज विधायक राजेश अग्रवाल पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक से शिकायत की थी कि उनसे बारदाना के नाम पर 100-100 रुपए लिया जा रहा है। शिकायत मिलने पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की थी। विधायक की शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अमेरा में किसानों के द्वारा समिति में कार्यरत बारदाना प्रभारी संजय प्रजापति के विरुद्ध बारदाना जारी करने के एवज में राशि वसूलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायत के आधार पर बारदाना प्रभारी को तत्काल पद से पृथक कर दिया गया है।

### एसपी ने जारी किया स्थानांतरण आदेश

**अंबिकापुर।** एसपी सुनील शर्मा ने जिले में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। एसपी श्री शर्मा ने निरीक्षक कुमारी चंद्राकर को रक्षित केंद्र से उदयपुर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। वहीं एसपी द्वारा जारी आदेश में एएसआई अरुण कुमार गुप्ता को थाना लखनपुर से मणिपुर थाना से संबद्ध मेडिकल कॉलेज अस्पताल चौकी, एएसआई सिदियुस लकड़ा को अस्पताल चौकी से कुन्नी चौकी, प्रधान आरक्षक हीरा सिंह को रक्षित केंद्र से अस्पताल चौकी भेजा गया है।

### खतरनाक मोड़ से मिलेगी मुक्ति, एनएच 43 पर सड़क निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर

# लुचकी घाट पर आठ स्पान वाले बायोडक्ट निर्माण के बाद दुर्घटनाओं में आएगी कमी





लुचकी घाट का निर्माणाधीन पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच 43 पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण होने में अभी भी छह माह का समय लग सकता है। एनएच की सड़कों का कार्य तो लगभग पूर्ण हो गया है लेकिन पुल निर्माण कार्य शेष है। इनमें भी सर्वाधिक 8 स्पान वाले पुल का कार्य लुचकी घाट पर जारी है। पुल निर्माण पूर्ण होने के बाद ही अम्बिकापुर से पत्थलगांव तक की सड़क का कार्य पूर्ण हो पाएगा। बता दें कि प्रदेश में लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में शासन द्वारा अम्बिकापुर से पत्थलगांव तक एनएच 43 पर सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी। 423 करोड़ की लागत से एनएच 43 पर अम्बिकापुर से पत्थलगांव तक कुल 96 किलोमीटर की सड़क का निर्माण किया जाना है जिसमें से महज 78 किमी की मुख्य सड़क है जबकि शेष लगभग 21 किमी की बाईपास सड़क का निर्माण होना है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद ही सड़क बनाने का ठेका लेने वाली कंपनी सड़क नहीं बना पाई और वर्षों तक सड़क गड्ढों व कीचड़ में तब्दील होकर लोगों की मुसीबत का कारण बना रहा। जीवीआर कंपनी काम नहीं कर पाई जिसके बाद भारत सरकार द्वारा पुनः निर्माण का जिम्मा टीबीसीएल कम्पनी को दिया गया और उसके बाद धीरे धीरे निर्माण कार्य में प्रगति आई है और आज सात वर्षों बाद सड़क 78 में से लगभग 75 किमी सड़क का कार्य पूर्ण हो गया है और शेष 3 किमी का कार्य किया जाना बाकी है। सड़क का कार्य लुचकी घाट के साथ ही प्रतापगढ़ पुल के समीप व जशपुर जिले में शेष बचा हुआ है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि सड़क का कार्य फरवरी माह तक पूर्ण हो जाएगा लेकिन जिस धीमी गति से कार्य हुआ है उससे अभी भी इस सड़क के कार्य को पूर्ण होने में छह माह का समय लगने की बात कही जा रही है। वर्तमान में भी पत्थलगांव नगरीय क्षेत्र में सड़क का कार्य किया जा रहा है।

**खास बात**

- दो बड़े पुल व 3 किमी सड़क का कार्य शेष

#### घाट कटिंग कर किया गया पुल का निर्माण

एनएच 43 के निर्माण में विभाग व ठेकेदार के लिए सबसे बड़ी चुनौती पुल के निर्माण का कार्य है। वैसे तो एनएच पर 15 छोटे पुल-पुलिया और 180 पाइप कलवट है लेकिन इन सब के बीच प्रतापगढ़ व लुचकी घाट पर बड़े पुल का निर्माण किया जाना है। प्रतापगढ़ का पुल 5 स्पान का है जो अब पूर्णता की ओर है लेकिन लुचकी घाट के पुल का निर्माण होने में समय लग सकता है। लुचकी घाट पर पुल निर्माण के लिए घाट की कटिंग की गई है जिससे दूरी भी कम हो गई है इसके साथ ही घाट पर आठ स्पान वाले पुल का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक स्पान की लम्बाई 270 मीटर बताई जा रही है। पुल निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद लोगों को खतरनाक घाट से मुक्ति मिल पाएगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आ सकेगी।

#### बाईपास के लिए अब तक नहीं हुआ टेंडर

अंबिकापुर से पत्थलगांव के बीच सड़क निर्माण के दौरान 21.165 किमी लम्बे बाईपास सड़क का भी निर्माण किया जाना है। इस मार्ग पर कुल तीन बाईपास बनने है जिनमें से अंबिकापुर बाईपास सर्वाधिक 15.300 किमी लंबा है इसके साथ ही सीतापुर बाईपास की लम्बाई 3.37 किमी व पत्थलगांव बाईपास की लम्बाई 2.6 किमी है। बड़ी बात यह है कि सड़क निर्माण में हुई लेटलतीफी के कारण अब बाईपास सड़क के लिए फिर से नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। टेंडर विभाग द्वारा जारी भी कर दिया गया था लेकिन इस दौरान आचार आचार संहिता लागू हो गई जिसके बाद टेंडर की प्रक्रिया भी अटक गई थी। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि टेंडर जल्द ही जारी हो जाएंगे लेकिन टेंडर होने के बाद सड़क बनने में न्यूनतम तीन वर्ष का समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

#### फरवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य

अंबिकापुर-पत्थलगांव के बीच सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। अब सिर्फ दो बड़े पुल का कार्य चल रहा है इसमें लुचकी घाट के पुल के निर्माण में ही थोड़ा समय लग सकता है। सड़क निर्माण का कार्य फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

-नितेश तिवारी
ईई एनएच

## 46 करोड़ की ठगी में पिता-पुत्र गिरफ्तार, आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने लिया रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोयला व छड़ व्यवसाय के नाम पर 46 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो और गिरफ्तारी करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिता-पुत्र ने कोर्ट के समक्ष आत्म समर्पण किया जिसके बाद पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया है। वहीं इस मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा के राउरकेला अंतर्गत उदित नगर नरयनी कॉम्प्लेक्स निवासी 42 वर्षीय पंकज अग्रवाल आ. स्व. लक्ष्मी चंद्र अग्रवाल गणेश रोलिंग मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर है। व्यवसायी छड़ निर्माण कर ब्रोकर के माध्यम से विक्रय करने का कारोबार करते है। पंकज अग्रवाल द्वारा कोतवाली पुलिस से शिकायत की गई थी कि राहुल गोयल, केके अग्रवाल व अन्य आरोपियों द्वारा पूर्व में फैक्ट्री में कोयला सप्लाई करने व छड़ व्यवसाय करने के कारण उनसे पहचान हुई थी। दो वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश के सिंगरौली में नीलामी में कोयला खरीदकर पार्टनरशिप में काम करने व अच्छा मुनाफा कमाने के नाम पर झांसा देकर कोयला कारोबार व छड़ व्यवसाय में 46 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। शिकायत पर पुलिस द्वारा धारा 420, 409, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी राहुल अग्रवाल व सुजीत जायसवाल को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जबकि शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। इस बीच एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार पुराना बस स्टैंड रोड निवासी 38 वर्षीय राहुल गोयल आ. केके अग्रवाल व 66 वर्षीय केके अग्रवाल आ. टेकचंद अग्रवाल ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया गया था। समर्पण के बाद पुलिस टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष रिमांड की मांग की गई थी। न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों के एक दिन की पुलिस अभिरक्षा कोतवाली पुलिस को दी गई थी। पुलिस द्वारा रिमांड में आरोपियों से पूछताछ करने के बाद न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई अर्जुन यादव, प्रधान आरक्षक सोमार साय, सियाराम मरावी, आरक्षक मोती केरकेट्टा, कपिल देव, चित्रसेन प्रधान, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

- पूर्व में हो चुकी है दो आरोपियों की गिरफ्तारी

## कलेक्टर की गाड़ी से टकराए स्कूटी सवार, पिता- पुत्री घायल





घायल पिता-पुत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार की सुबह स्कूटी सवार पिता पुत्री की कलेक्टर की गाड़ी से टक्कर हो गई। टक्कर के वक्त कलेक्टर भी वाहन में सवार थे और अपने कार्यालय की ओर जा रहे थे।

घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई है वहीं सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया। आनन फानन में ऑटो से दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का उपचार जारी है। घटना में बुजुर्ग पिता के पैर में फ्रैक्चर आया है जबकि युवती को भी चोटें आई है। कलेक्टर ने घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर कुंदन कुमार आज सुबह लगभग 10.50 बजे अपने बंगले से निकलकर कलेक्टोरेट जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही वे प्रतापपुर चौक के समीप पहुंचे प्रतापपुर रोड की ओर से आ रहे स्कूटी सवार से उनके वाहन की टक्कर हो गई। चौक पर दोनों ही वाहनों के चालकों ने लापरवाही बरती और एक दूसरे वाहन को नहीं देख पाए। हालांकि घटना के वक्त वाहनों की रफ्तार कम थी इस लिए कोई बड़ी घटना नहीं हुई लेकिन टक्कर के बाद स्कूटी सवार पिता पुत्री सड़क पर गिर गए। इस घटना में युवती 27 वर्षीया रानू तिर्की व पिता 50 वर्षीय मोतीलाल तिर्की घायल हो गए।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक गंभीर

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तो दूसरे युवक ने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर हुए एक युवक का उपचार जारी है। नमनाकला खटीक पारा निवासी राहुल मिश्रा आ.स्व. पुरुषोत्तम मिश्रा (25 वर्ष) शुक्रवार को दोस्त साजिद के साथ बाइक से दरिमा क्षेत्र की ओर गए थे। शाम को दोनो वापस लौटने लगे और जैसे ही चंपा नाला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल युवकों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बीती रात उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई वहीं साजिद का एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। दूसरी घटना में बिरम बाई पति स्व. श्याम कुमार बीती रात मनेन्द्रगढ़ रोड पीजी कॉलेज की ओर पैदल जा रही थी।

#### पानी भरे गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत

केपी अजिरमा बाबापारा निवासी आर्यन गिरी आ. संजय गिरी (3 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर घर के समीप बोरिंग के पास खेल रहा था। इसी दौरान बोरिंग के पास गड्ढे में भरे पानी में गिर गया जिससे डूब गया। इधर मां बेटा की खोजबीन करते जैसे ही बोरिंग के पास पहुंचे तो उसके होश उड़ गए। बालक पानी भरे गड्ढे में मृत हालत में पड़ा हुआ था। परिजन सहित गांव के लोगों ने तत्काल बालक को गड्ढा से निकाल स्थानीय अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## थाना प्रभारी के खिलाफ न्यायालय ने जारी किया अवमानना नोटिस

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी द्वारा बलरामपुर कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर के समक्ष अवमानना का आवेदन पेश किया है। थाना प्रभारी को न्यायालय में आकर अपना जवाब पेश करना होगा। अधिवक्ता डीके सोनी ने बताया कि न्यायालय के समक्ष धारा 156(3) का आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें न्यायालय द्वारा डीके सोनी प्रति मेसर्स दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी अन्य में सुनवाई उपरांत दिनांक 5 जुलाई 2023 को आदेश पारित कर आवेदक के आवेदन को स्वीकार किया गया। न्यायालय द्वारा दिनांक 5 जुलाई को जो आदेश पारित किया गया उसमें संबंधित अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर 30 दिवस के अंदर मामले की जांच कर अभियोग पत्र एवं खात्मा खारिज की कार्रवाई कर कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश थाना प्रभारी को दिया गया था लेकिन न्यायालय के उक्त आदेश के बाद भी चार माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरांत थाना प्रभारी थाना बलरामपुर द्वारा सिर्फ प्रथम धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया और अब तक ना ही कोई जांच व गिरफ्तारी नहीं की गई। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की कोई विवेचना नहीं की जा रही है और ना ही किसी प्रकार के दस्तावेजों की जब्ती एवं गिरफ्तारी की जा रही है जो कि न्यायालय के आदेश की स्पष्ट रूप से अवमानना है। न्यायालय के आदेशानुसार थाना प्रभारी बलरामपुर को 30 दिवस के अंदर मामले की पूर्ण जांच कर परिणाम से न्यायालय का अवगत कराना था लेकिन थाना प्रभारी बलरामपुर के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि डीके सोनी द्वारा 28 अगस्त को थाना प्रभारी बलरामपुर के समय आवेदन देकर न्यायालय के आदेश का पालन करने का निवेदन किया गया था इसके अलावा दिनांक 29 अगस्त एसपी बलरामपुर के समक्ष लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर उक्त अपराध में न्यायालय के आदेशानुसार अंतिम प्रतिवेदन-खत्मा खारिजी प्रस्तुत करने का निवेदन किया गया था लेकिन पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के द्वारा भी न्यायालय के आदेश की स्पष्ट रूप से अवमानना की गई। न्यायालय के आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर अधिवक्ता डीके सोनी द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर दीपक कुमार शर्मा के न्यायालय में धारा 12 न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971 के तहत आवेदन पेश किया गया जिस पर न्यायालय ने थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी को नोटिस जारी करते हुए दिनांक 30 दिसंबर को सुनवाई हेतु तिथि नियत की गई है।

- धोखाधड़ी के मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने का मामला

### नेशनल लोक अदालत में 34224148 रुपए का अवार्ड पारित

# आपसी राजीनामा के साथ किया गया लंबित प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत 4134 प्रकरणों का निपटारा कर 3 करोड़ 42 लाख 24 हजार 148 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। बता दें कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 16 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था।

नेशनल लोक अदालत में इस बार कुल 9 हजार 828 प्रकरण रखे गए थे। इनमें से प्री लिटिगेशन के 8127 व न्यायालय में लंबित 1701 प्रकरण शामिल थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम कुमार तिवारी के नेतृत्व व सीजेएम नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय




(व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाडा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत सबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारें, कब्जे के आधार पर बटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामलें, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया।

लोक अदालत में आज कुल 4134 प्रकरणों का आपसी राजीनामा से समझौता कराया गया। इस दौरान कुल 3 करोड़ 42 लाख 24 हजार 148 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत में प्री लिटिगेशन के 3197 व न्यायालय में लंबित 937 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## सेक्टर स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी राज कुमार खाती के द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र में जाकर परिपोषक पालकत्व योजना अंतर्गत बाल विकास परियोजना मनेन्द्रगढ़ सहित सभी परियोजना में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक पर्यवेक्षक सेक्टर स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

इस कड़ी में प्रथम चक्र के प्रशिक्षण के तहत मनेन्द्रगढ़ परियोजना मनेन्द्रगढ़ पर्यवेक्षक सेक्टर में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया, इसमें परिक्षेत्र पर्यवेक्षक श्रीमति शिल्पा अग्रवाल एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकताएं उपस्थित रहें। इसी प्रकार झगराखांड़ परिक्षेत्र में श्रीमति सुमन सिंह पर्यवेक्षक द्वारा अपने परिक्षेत्र में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिले के सभी परियोजनाओं के प्रत्येक पर्यवेक्षक सेक्टर में यह प्रशिक्षण इस सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। परिपोषक पालकत्व ईसीसीई नीति के तहत प्रदेश में चल रहे।



## खबर संक्षेप

### रितिक चौथी बार बने विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक



अंबिकापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69 वे राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्षद द्वारा प्रदेश कार्यकारणी की घोषणा की गई है। कार्यकारणी में बलरामपुर जिले से रितिक सिंह को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री सिंह को एबीवीपी द्वारा चौथी बार यह जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार छात्र हित में विद्यार्थियों की उठाते रहते है। रितिक की नियुक्ति से उनके शुभचिंतकों व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। बता दें कि राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के गृहमंत्री अमित शाम भी शामिल हुए।

### साइकिल से गिरे बालक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** साइकिल चला रहा बालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चिरमिरी थाना अंतर्गत ग्राम सोना मति नेहरू कॉलोनी निवासी आदित्य कुमार आ. तपन कुमार (9 वर्ष) गत दिन शाम को स्कूल से घर आया और परिजन को साइकिल चलाने की बात कहकर घर से निकला। कुछ समय बाद पड़ोसी अंशुमान ने उसके घर आकर बताया कि आदित्य का 20 नम्बर कालापानी के समीप सड़क किनारे साइकिल सहित गिर गया है। परिजन मौके पर पहुंच बालक को तत्काल चिरमिरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेज दिया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### आग की चपेट में आने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के अलग कमरे में आग ताप रही युवती अचानक आग की चपेट आ गई। परिजन उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरडीह निवासी कविता आ. मान साय (22 वर्ष) गुरूवार की रात दूसरे कमरे में आग जलाकर ताप रही थी जबकि परिजन अलग कमरे में बैठे थे। इसी दौरान युवती अचानक आग की चपेट में आ गई जिससे चीखने-चिल्लाने लगी। युवती की आवाज को सुन परिजन कमरे में पहुंचे और किसी तरह आग को बुझा कर निजी वाहन से धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

**न्यायालयः- श्रीमान जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.)**

प्रो.नं. 3095/23
विविध व्यहार अपील क्र. 16/2023
आगामी पेशी तिथि-02.01.2024

अमलेन्दुधर उपाध्याय वगै --------अपीलार्थीगण

**प्रति**

विद्याधर उपाध्याय वगै. ----------
/अनावेदकगण

**आम सूचना/ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता निवासी ग्राम-महुआपारा फुन्दुरडिहारी अम्बिकापुर थाना-गांधीनगर जिला-सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण अमलेन्दुधर उपाध्याय, स्मिता तिवारी एवं मनीषा पाठक द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा- 384 के अंतर्गत आवेदन प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 अम्बिकापुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था जिस पर दर्ज उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 24/2021 में पारित आदेश दिनांक 31.07.2023 के द्वारा आवेदकगण/अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन निरस्त किया गया है, जिसके विरूद्ध अपीलार्थीगण/आवेदकगण द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत कर स्व. श्रीमती बालमिकी उपाध्याय एवं रमाशंकर उपाध्याय की मृत्यु हो जाने से किसान विकास पत्र में जमा राशि हेतु अपीलार्थीगण को भी बराबर-बराबर भागों में भुगतान के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

अतः आम नागरिक एवं सर्व हितबद्ध व्यक्तियों को इस नोटिस/ ईस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त अपील के संबंध में आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हों तो आगामी पेशी दिनांक 02.01.2024 को न्यायालयीन समय 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता / अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्ही कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(राम कुमार तिवारी)
जिला न्यायाधीश, अम्बिकापुर
जिला-(सरगुजा छ.ग.)

### विधायकों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मेंड्राकला से की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत



हरी झण्डी दिखाते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को प्रदेश के साथ ही जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत मेंड्राकला में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में की गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज व राम कुमार टोप्पो के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों ने हरी झंडी दिखाकर मोदी की गारंटी वैन को रवाना किया। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव-गांव में तमाम योजनाओं की जानकारी देकर वंचित लोगों को लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को समय पर लाभ मिले, पहुंच विहीन ग्रामों को भी चिन्हांकित किया जाए ताकि वहां भी लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज एवं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्प यात्रा का मकसद अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस वैन के जरिए दूरस्थ क्षेत्र की जनता तक हितग्राही मूलक योजनाओं लाभ मिलेगा। प्रशासन तथा जनप्रतिधि इस हेतु संयुक्त रूप से कार्य करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। कलेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि संकल्प यात्रा 5 वैन के माध्यम से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जाएगी। संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न हितग्राहियों को मुख्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आज विभिन विभागों के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया गया। इस अवसर पर ननि आयुक्त अभिषेक कुमार, जिपं सीईओ नूतन कुमार कंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, आलोक दुबे, अंबिकेश केशरी, कर्ता राम गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, मुरारी लाल बंसल, विश्वविजय सिंह, अभिमन्यु गुप्ता, अभिषेक शर्मा, राजकुमार बंसल, मधुसूदन, बलराम, राजबहादुर, मनोज, हर्षमिंदर टिन्नी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही, आमजन उपस्थित रहे।

**खास बात**

- हितग्राहियों को बताई गई योजनाएं

## हम सभी को मिलकर करना है पीएम मोदी का सपना साकार



**भैयाथान।** हाईस्कूल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू के आतिथ्य एवं एसडीएम सागर सिहं की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व छात्रावास की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन से हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद किया। यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को आईईसी प्रचार वाहन के जरिए जन-जन तक पहुंचाया तथा योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्र की योजनाओं से संबंधित आवेदन भी लिया जाएगा तथा प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 महिलाओं की गोद भराई व 3 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को प्राथमिकता के साथ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री का सपना है कि देश विकसित हो। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, एसडीएम सागर सिंह, मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू, प्रकाश दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान अभय वर्मा, राजीव प्रताप सिहं, रामू गोस्वामी, रमाशंकर यादव, शैलेंद्र गुप्ता, सुनील साहू, शान्तनु गोयल, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, लालचंद शर्मा, हेम सिंह, बलराम सोनी सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों को मिलेगा लाभ : मरावी



**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पटना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ नवनिर्वाचित विधायक भूलन सिंह मरावी द्वारा किया गया। विधायक श्री मराबी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है जो छत्तीसगढ़ में इस योजना का शुभारंभ हो रहा है। इसके माध्यम से सभी वंचित लोगों सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों को कार्ड वितरण किया गया एवं महिला बाल विकास विभाग के योजना अंतर्गत, अन्नप्राशन एवं गोद भराई रस्म किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पीएम किसान सम्मान, आयुष्मान कार्ड वितरण एवं नया आवेदन, सहकारी समिति पतरापाली, कृषि विभाग, पशु विभाग, राजस्व विभाग, सौर सुजला योजना अंतर्गत गैस वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण, उद्यान विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संकल्प कराया गया। एसडीएम नंदजी पाण्डेय द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। इस दौरान जयप्रकाश उपाध्याय, विमला सिंह मरावी, मानिक चंद सिंह पोर्ते, कवल साय सिंह, संत कुमार साहू, सुमंत साहू, तहसीलदार रामानुजनगर सूर्यकांत साय, नायब तहसीलदार विन्देश्वर प्रजापति, पंचायत अधिकारी नर्मदा सिंह, एपीओ निर्मल सिंह श्याम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।



## मरीजों को परेशानी हुई तो अधिकारी डॉक्टरों की होगी जवाबदारी: राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर/डांड़गांव

उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय अव्यवस्था की शिकायत ग्रामीणों की जा रही थी। इधर चिकित्सक उपचार कराने आए मरीजों को रेफर कर अपना इतिश्री कर लेते थे। जबकि रात के समय ड्यूटी में भी लापरवाही बरती जाती और अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों का लाभ भी मरीजों को मिलना दूभर हो गया था। आज नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल ने अस्पताल का निरीक्षण कर अव्यवस्था देख जमकर फटकार लगाई। उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए और व्यवस्था सुधारने के साथ मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी होने पर अधिकारी व डॉक्टरों की जवाबदारी होने की बात कही। विधायक राजेश अग्रवाल ने उदयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ सहित कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की बात कही। साथ ही कर्मचारी अधिकारी अपने व्यवहार में सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि शव वाहन नहीं रहने की स्थिति पर तत्काल किराए की वाहन कर शव को परिजन के सहयोग से घर तक भेजे और जो खर्च लगेगी उसे विधायक खुद देने की बात कही। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर हालचाल जाना और अस्पताल के विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अनिल सिंह, दिनेश साहू, विनोद हर्ष,राधेश्याम ठाकुर, चंद्रबसू यादव, श्रीमती कल्पना भदोरिया, दिनेश बारी, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, आशीष, सचिन, अमित बारी, महमूद खान, तरबेज आलम उपस्थित रहे।

- कहा शव वाहन नहीं होने पर किराया से कराएं उपलब्ध, राशि मैं दूंगा

## बिजनेस साइट

### निशांत नेकस्ट वर्ल्ड में विंटर सेल प्रारंभ




**बिलासपुर।** निशांत नेकस्ट वर्ल्ड में विंटर सेल प्रारंभ हो चुका है। संचालक ने बताया कि साडी, लेटिज सूट, ड्रेस, कुर्ती, किडसवियर, मेन्सवियर के सभी ब्रांडस जैसे निवाइस, पेपे, मुक्ती, मोन्टे-कार्लो, यूसीवी, अरस्तू, जैक एंड जोन्स, रेपर टेवीट, इंडियन टैटेन, पार्क टेवेन्यू, रेमेंड, ब्लैकबेरी, ऐरो, स्पाइडर, इंडिया, बीबा, रंरीती, लिरवा, फैकने, टेनेन्टी ड्रेसेस, मान्तय, किमसन क्लन, जीवा ज्वेलरी इत्यादी सभी आइटमों पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां तक की भारी ठंड में विंटर जैकेट, स्वेटर, मार्डीगित, साल, कैप इत्यादि। विंटर वियर पर भी यह आफर लागू है। इसके अलावा सूट, ब्लेजर, मोदी जैकेटे (कोटी) में भी छूट का लाभ उठाया जा सकता है।

### बीईओ को मूल पद पर किया गया स्थानांतरित

**लखनपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूरज प्रताप सिंह को 30 दिसंबर 22 को स्थानांतरण किया गया था। उसके बाद भी पद पर जमे हुए थे। मूल पद अंग्रेजी व्याख्याता शाउमा विद्यालय शिवनाथपुर विकासखंड सीतापुर स्थानांतरण किया गया था। खेलगढ़िया योजना के अंतर्गत प्राथमिक, मिडिल के 298 स्कूल में खरीदी में गड़बड़ी करने के मामले पर कार्रवाई किया गया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयपुर रवि कांत यादव को लखनपुर का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया। मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि दिनेश साहू ने बताया कि खेलगाड़िया योजना के तहत 2020 में 298 स्कूलों में बच्चों के लिए सामान खरीदने के लिए जो राशि आवंटित हुई थी उसकी राशि में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूरज प्रताप सिंह द्वारा गड़बड़ी की गई थी जिसकी जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सरपंच ने मितानिन दीदियों व पंचों को साड़ी-शाल देकर किया सम्मानित



**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत-परशुरामपुर में मितानिन दिवस सरपंच लाल केश्वर सिंह सरुता के आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच श्री सरूता द्वारा मितानिन दीदियों व पंचों को साड़ी शाल देकर सम्मानित किया। सरपंच श्री सरुता ने कहा कि मितानिन दीदियों द्वारा गर्भवती माताओं का जचकी कराने से लेकर बच्चों का टीकाकरण, परिवार नियोजन कार्यक्रम के साथ स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में विशेष योगदान है। पहले गांव में अधिकांश गर्भवती माताओं का प्रसव घर में ही होता था जिससे जच्चा बच्चा दोनों को खतरा होता था और जान गवानी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि गांव की गर्भवती माताओं का अस्पताल में प्रसव कराने पर उन्हें साड़ी देकर सम्मानित करने का प्रयास कर रहा हूं जिससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य रहे। इस दौरान उप सरपंच प्रतिनिधि नितिश कुमार, कवल साय, गिरधारी, आनंद पंडों, कान्ति प्रसाद, सभी वार्ड पंच, सचिव धनसाय सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 17 दिसम्बर 2023, रविवार
डॉ. सिद्धार्थ साहू - MBBS, MS General Surgery, DNB Neurosurgery, न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ - MBBS, MD MEDICINE, DM (NEPHROLOGYO, CUNSULTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN
डॉ. रितेश रंजन - MBBS, MS, MCH (Mumbai), Neonatal & Pediatric Surgeon
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

अमृत काढ़ा काजमी - यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट - यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर - यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माताः- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनैरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
16 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध है
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. आर. के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
- फिर से होने की संभावना सबसे कम।
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

**मुंबई।** देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

## लाइफ Style




# जाह्नवी
## छोटी बहन को दी सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारगेट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्वॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

**लॉस एंजेलिस।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।




# माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।



# कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट

**मुंबई।** रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



# फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

## टीवी मसाला



# सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

**मुंबई।** कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

# वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार



टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

# परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका



मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।



# जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

**मुंबई।** 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

## अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

# नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।



### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा



एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

### कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी किए पार

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतपता खुटहनपारा में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गए हैं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सतपता खुटहनपारा निवासी 29 वर्षीय धर्मेंद्र यादव आ. स्व.जितेंद्र यादव के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने खिड़की के सहारे घर के अंदर प्रवेश किया एवं जिस कमरे में घर के सदस्य सो रहे थे, उसको बाहर से कुंडी लगाकर बंद करते हुए दूसरे कमरे में घुस गए। यहां पर चोरों द्वारा कमरे में रखे आलमारी का लॉकर तोड़कर 2 नग सोने का हार, 2 नग चांदी की पायल, 4 नग सोने का कंगन, 1 नग सोने के कान की बाली, 1 नग सोने की नाक की नथुनी, 2 नग चांदी का पैजनिया, चांदी का ब्रेसलेट, सोने की तीन नग अंगूठी, एक नग सोने का मांगटीका, 2 नग चांदी का करधन, सोने का लॉकेट, गुल्लक में रखे करीब 15-20 हजार रुपए नगदी के अलावे वहीं पास के बैग में रखे 5-6 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए हैं। चुराये गए जेवरात की कीमत 6 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है, मामले में पीड़ित प्रार्थी धर्मेंद्र यादव द्वारा घटना की सूचना थाने में दे दी गई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गांव के ही विजयीपारा निवासी रवि पाण्डेय के घर में भी मध्य रात्रि में खटखटाया गया था, जिससे घर वालों में भय व्याप्त हो गया था। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में युवक को 20 वर्ष सजा

**अंबिकापुर।** युवक को नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेंड्राखुर्द निवासी 19 वर्षीय अर्जुन चेरवा आ. नंदराम चेरवा द्वारा वर्ष 2021 में 15 वर्षीय किशोरी को घूमने के बहाने कुल्हाड़ी ग्राम के मक्का खेत में लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही आरोपी ने नाबालिग किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया जिससे किशोरी गर्भवती हो गई थी। किशोरी के गर्भवती होने के छह माह बाद परिजन को इसका पता चला जिसके बाद 25 अप्रैल 2020 को मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। आज इस मामले में फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय पोक्सो एक्ट की अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पूजा जायसवाल ने सजा सुनाई है। कोर्ट ने मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 376 व विभिन्न धाराओं के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। इस मामले में अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश सिन्हा ने राज्य शासन की ओर से पैरवी की।

## निधन

### श्रीमती पुष्पलता सिन्हा

**अंबिकापुर।** शहर के दर्रीपारा निवासी श्रीमती पुष्पलता सिन्हा का 13 दिसंबर को निधन हो गया। वे



सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. राजपति नारायण सिन्हा की पत्नी थी और लम्बे समय से अश्वस्थ चल रहीं थी। उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# सहकारी समितियों में सरकार की 21 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा का नहीं हो रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- समितियों में आए दिन बन रही विवाद की स्थिति
- फसल प्रयोग के आधार पर होता है औसत उपज का निधार्रण

सरगुजा में भाजपा सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा का पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में अभी तक शासन द्वारा निर्देश जारी नहीं किया गया है। समितियां शासन द्वारा पूर्व में जारी धान खरीदी नीति के अनुसार किसानों का धान खरीद रही है। घोषणा के अनुसार धान की खरीदी नहीं होने से समितियों में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। शासन द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से 1 नवम्बर से धान की खरीदी की जा रही है। विलंब से फसल तैयार होने के कारण नवम्बर में उपार्जन केंद्रों में काफी कम धान की खरीदी हुई। कम आवक होने के कारण जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्रों में धान की बोहनी तक नहीं हो सकी थी लेकिन दिसम्बर महीने की शुरूआत होने के साथ ही किसान अपनी उपज बेचने सक्रिय हो गए हैं तथा धान खरीदी जोर पकड़ती जा रही है। विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने तथा 3100 रूपए क्विंटल की दर से धान का एक मुश्त भुगतान करने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार क्षेत्र के किसान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन समिति प्रबंधन इस संबंध में शासन का आदेश नहीं मिलने का हवाला देकर 20 क्विंटल की दर से धान खरीद रहे हैं। धान खरीदी को लेकर अभी भी समितियों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। पिछले साल शासन द्वारा 15 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से समितियों द्वारा धान की खरीदी की गई थी। चुनाव के पूर्व कांग्रेस सरकार ने धान खरीदी नीति में बदलाव किया था तथा समितियों को 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदने का निर्देश दिया था। भाजपा सरकार ने अभी 21 क्विंटल की दर से धान खरीदने के संबंध में निर्देश जारी नहीं किया है। इधर वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्रवासर उपज के अनुसार किसानों का धान खरीदने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर हरे हैं। उधर किसान घोषणा के अनुसार 21 क्विंटल की दर से धान खरीदने के लिए दबाव दे रहे हैं। घोषणा के अनुसार धान खरीदने को समितियों में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। क्षेत्रवार उपज के संबंध में प्रशासन द्वारा कोई मापदण्ड भी निधारित नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में समिति प्रबंधक ऊहापोह की स्थिति में हैं तथा कुछ भी निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।



### गिरदावरी में कम हुआ रकबा

किसान गिरदावरी में भारी त्रुटि होने का आरोप लगा रहे हैं तथा त्रुटि सुधार के लिए लम्बे समय से तहसील कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। बडी संख्या में किसानों की शिकायत है कि उन्होंने पिछले साल की तरह इस बार भी अपने संपूर्ण रकबे में धान की खेती की थी लेकिन गिरदावरी में रकबा शून्य कर दिया गया है। बड़ी संख्या में किसानों के धान का रकबा गिरदावरी में कम कर दिया है। किसान जब समिति में अपनी उपज बेचने के लिए टोकन लेने पहुंचे तो रकबे में कटौती होने की जानकारी मिली। ऐसे किसान अभी तक अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं तथा रकबे में सुधार के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

### फसल प्रयोग रिपोर्ट का इंतजार

धान खरीदी में फसल प्रयोग रिपोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है लेकिन अभी तक कृषि विभाग की फसल प्रयोग रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है। कृषि अधिकारी गांव-गांव की फसल कटाई कर वैज्ञानिक तरीके से औसत उपज की रिपोर्ट तैयार करते हैं। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र विशेष में प्रति एकड़ कम उपज होने की स्थिति में निधार्रित नीति के अनुसार धान की खरीदी करने पर कोचिए किसानों के माध्यम से बाहर का धान खपाने की कोशिश करेंगे, वहीं खरीदी नीति का पालन नहीं होने पर किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे। सरकारें लगातार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने का दावा करने के साथ ही धान की खरीदी भी कर रही है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र विशेष की उपज निधार्रित करने का अधिकार सहकारी समितियों को नहीं है। शासन के निर्देश की आड़ में कोचिए किसानों व समिति प्रबंधकों के साथ मिलकर भारी मात्रा में अवैध धान खपा रहे हैं। कृषि अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। धान की फसल कट गई है लेकिन अभी फसल प्रयोग रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है।

### किसानों में भारी उत्साह

शासन द्वारा लम्बे समय से 15 क्विंटल एकड़ की दर से धान की खरीदी की जा रही थी। विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने क्विंटल की दर से धान खरीदने का निर्णय लिया था। बाद में भाजपा ने 21 क्विंटल की दर से जबकि कांग्रेस ने 22 क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा की थी। सरगुजा में विभिन्न क्षेत्रों के किसान धान का अच्छा उत्पादन करते हैं, वहीं कई क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम उत्पादन होता है जिसका निधार्रण समितियों के स्तर पर संभव नहीं है।

### नहीं मिला है आदेश

पूर्व में जारी धान खरीदी नीति के अनुसार 20 क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। 21 क्विंटल की दर से खरीदी करने के संबंध में शासन का निर्देश अभी नहीं मिला है।

**सुनील वर्मा**
सीईओ, को-ऑपरेटिव बैंक

### समितियां करेंगी निधार्रण

धान की खरीदी समितियों के माध्यम से होती है। क्षेत्र की औसत उपज एवं खरीदी का निधार्रण करना सहकारी समितियों का काम है। अभी आनावारी रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है।

**-पीएस दीवान**
सहायक संचालक, कृषि

## नशीली दवाओं के कई तस्कर पुलिस पकड़ से बाहर

# जिले में सक्रिय हुए नशे के धंधेबाज, नशीली दवाओं के साथ क्षेत्र में बढ़ा गांजा की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- खेत-खलिहानों को नशेड़ियों ने बनाया अड्डा

जिले में एक बार फिर नशे के अवैध कारोबारी न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि नशे के कारोबार को क्षेत्र में फैलाने में लगे हुए है। हालांकि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कई नशेड़ियों व नशे के अवैध कारोबारियों को न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उनके पास से बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप इंजेक्शन टैबलेट जब्त किया था। परंतु कुछ माह के भीतर पुलिस द्वारा धर पकड़ नहीं करने नशे के कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए है।

नगर में नशीली दवाओं और गांजे का अवैध कारोबारियों के सक्रिय हो जाने के बाद नशे का गढ़ बन कर रह गया है। हालांकि पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के पदभार ग्रहण करने तथा उनके निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में काफी हद तक नशे के कारोबार में न सिर्फ अंकुश लगा बल्कि पुलिस ने कई नशेड़ियों व नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया था। परंतु कुछ माह के भीतर ही अब क्षेत्र में नशीली दवाओं के साथ गांजा का अवैध कारोबारी सक्रिय हो गए है। अब फिर से वार्ड क्रमांक 7 स्थित खेत और खलिहानों में नशेड़ियों द्वारा नशीली दवाओं, टेबलेट सहित इंजेक्शन का बेखौफ होकर करने लगे है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है नशेड़ियों में पुलिस को लेकर इतना खौफ है। खेत खलिहान में नशीली दवाओं की शीशी व इंजेक्शन इस बात की गवाही दे रहे है कि इन क्षेत्रों को नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया है। हैरानी की बात यह है कि वार्ड वासियों के सूचना देने के बावजूद पुलिस नशेड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं करती जिससे अब क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति नाराजगी व्याप्त है।

इधर नशे के गिरफ्त में फंसे युवकों के परिजन अपने बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित है।



नशीली दवाइयों के खाली शीशी।



खेत में फेंके गए इन्जेक्शन व टेबलेट के रेपर।

### कई वार्डों में गांजा की हो रही बिक्री

नगर के कई वार्डो में एक बार भी गांजा की बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। पुराने गांजा बेचने वाले जो पुलिस के रिकार्ड में चिन्हित हैं वो फिर से गांजे का काम शुरू कर दिया है। प्रतिदिन गांजे की बिक्री बिना डर के कर रहे हैं। जिस तरह से गांजा के कारोबारी बिक्री कर रहे है उससे ऐसा लगता है कि उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया है। सूत्रों की मानें तो अभी बभनी और चपकी से नशीली दवाओं कफ सिरप भारी मात्रा में आ रही है,जिसका गढ़,जोड़ा सरई, सिरसी, बसदेई और वार्ड क्रमांक 7 में बना हुआ है।

### संक्रमित होने का खतरा

नशेडी क्षेत्र के सूनसान क्षेत्र को नशाखोरी करते है। नशीली इंजेक्शन का इस्तेमाल कर के खेत और खलिहानों में उसके निडिल को फेंक चले जाते है। ऐसे में खेत खलिहान जाने वाले किसान को हर समय निडिल चुभने का खतरा बना रहता है। आसपास क्षेत्र के कई खेतों में नशीली इंजेक्शन आसानी से देखे जा सकते है। ऐसे में नशेड़ियों द्वारा उपयोग की गई इंजेक्शन किसी के पैर में चुभ गई तो वह कई तरह की बीमारियों से संक्रमित हो सकता है।

### की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र में नशेड़ियों व नशे के कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाती है। शिकायत मिलने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-शोभराज अग्रवाल**
एएसपी, सूरजपुर

## बिजनेस प्लस

### निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड में विंटर सेल प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड में विंटर सीजन सेल प्रारंभ हो गई है। संचालक ने बताया कि साड़ी, लेडिज सूट, ड्रेस, कुरती, किड्स वियर, मेन्स वियर के सभी ब्रांड्स जैसे लिवाइस, पेपे, मुफ्ती, मोन्टे, कार्लो, यूसीबी, अरस्तू, जैक एण्ड जोन्स, रेयर-रेवींस, इंडियन, टैरेन, पार्क रेवेन्यू, रेमेण्ड, ब्लैकबेरी, ऐरो, स्पाहकर, इंडिया, बीबा, रंगरीती, लिखा, फैबले, टेवेन्टी-ड्रेसस, मान्टय, क्रिमसन क्लब, जीवा ज्वेलरी इत्यादि सभी आइटमों पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां तक की भारी ठंड में विंटर जैकेट, स्वेटर, कार्डीगन, साल, कैप इत्यादि विंटर वियर पर भी यह ऑफर लागू है। इसके अलावा सूट, ब्लेजर, मोदी जैकेट (मोटी) में भी छूट का लाभ उठाया जा सकता है।




हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की शंकरगढ़, भटगांव, तारा महगाई, सनावल, पचिरा, चांदो, मैनपाट में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
उड़िया पंडित काम्पलेक्स चोपड़ापारा रिंगरोड नंबर 2 अंबिकापुर
मो. 9826154736, 8319094182, 9826120088

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

**सूरजपुर।** जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बैडमिंटन हॉल महाविद्यालय परिसर में किया गया है। 16 व 17 दिसम्बर के आयोजन में जिले के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शिरकत कर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। बैडमिंटन संघ के प्रमोद तायल ने बताया कि जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में अंडर-13, अंडन-17, सीनियर व वेटरन वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। चार वर्गों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में एकल व युगल मैच किए गए हैं। शनिवार को प्रारंभ हुई प्रतियोगिता में जिले के 60 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में हिस्सा लिया। बैडमिंटन संघ की ओर से पदाधिकारियों सहित कोच रॉकी लांबा के तत्वाधान में संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल व सचिव संदीप अग्रवाल ने टॉस कराकर जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आगाज किया। इस दौरान श्री गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला तथा जिले में बैडमिंटन खेल के प्रति बढ़े रूझान को लेकर अपनी बातें रखी। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव संदीप अग्रवाल ने कहा कि जिले के आला अधिकारियों के सहयोग से बैडमिंटन संघ निरंतर खेल गतिविधियां आयोजित कर रहा है। विगत अगस्त माह में राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का भी आयोजन संघ द्वारा किया जा चुका है। इसके पूर्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जिला बैडमिंटन संघ को स्टेट लेवल पर आयोजन को लेकर सराहना मिली है।



## पेज 1 के शेष...

### कलेक्टर की गाड़ी से...

मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। इसके साथ ही कलेक्टर भी स्वयं अस्पताल पहुंचे व अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बताया कि दोनों मरीज की हालत सामान्य है। मेडिकल जांच में रानू को बाएं घुटने में दर्द है और मोतीलाल को बाएं पैर में फ्रैक्चर पाया गया है। किसी को भी अंदरूनी चोट नहीं है। दोनों मरीजों का सीटी स्कैन किया जा रहा है जिसके बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। मेडिकल टीम मुस्तैदी से कम कर रही है। प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता सुनिश्चित की गई है। वहीं इस घटना के बाद कलेक्टर कुंदन कुमार ने दो पहिया वाहन चालकों से गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएं दिन या समय देखकर नहीं आती, जरूरी है कि पहले से ही सावधानी बरती जाए। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने की बात कही है जिससे दुर्घटना के दौरान गंभीर हानि से बचा जा सके। इसके साथ ही उन्होंने चौक चौराहों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
भाग्य के साथ हर प्रतिभागी को मिलेगा एक सुनिश्चित उपहार
प्रथम पुरस्कार 1 कार
द्वितीय पुरस्कार 4 LED TV
तृतीय पुरस्कार 5 रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 वाशिंग मशीन
पांचवा पुरस्कार 3 माईक्रोवेव ऑवन
छठा पुरस्कार 4 गैस स्टोव (2 बर्नर)
सातवां पुरस्कार 12 इंडक्शन कुक टॉप
आठवां पुरस्कार 6 रूम हीटर
नौवां पुरस्कार 280 कैटल बॉक्स
दसवां पुरस्कार 260 लंच बॉक्स
ग्यारहवां पुरस्कार हर प्रतिभागी को सुनिश्चित पुरस्कार
नियम एवं शर्तें :- यह पाठक पुरस्कार योजना 1 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
समाचार पत्र बुक करवाने के लिए सम्पर्क करें : रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर फो. 07752401050, 7000789166

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल पाठक MD, DM, FINS Neurologist
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक.. डॉ गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ.. डॉ करण सराफ MD, (Medicin), DM (Nephrology)
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के शिशेषज्ञ सर्जन डॉ रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध हड्डी एव जोड़ रोग विशेषज्ञ... डॉ सिद्धार्थ कुमार MBBS, MS (Ortho), DNB (Ortho)
छग के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ... डॉ राकेश मिश्रा MBBS, MD, DM
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
17 दिसम्बर 2023 प्रत्येक माह के तीसरा रविवार
छ.ग. विख्यात नि:संतानता आई वी एफ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहा जायसवाल MBBS (Hons), MS(Obs & Gyn) Ex Fertility Specialist, Pune
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411